समाचार वाणी
ख़बर जो करें असर !

नाशिक | Tuesday, 22 September 2026

# नेठराना CHC मे RMRS की बैठक संपन्न, विधायक संजीव बेनीवाल ने दी नई सौगातों की जानकारी

Publisher

Published on 16 May 2025



## डॉक्टरों व नर्सिंग स्टाफ की जल्द होगी नियुक्ति, CHC भवन निर्माण को लेकर राज्य सरकार को भेजा गया प्रस्ताव।

सवांदाता,नेठराना,(हनुमानगढ़),रा
जस्थान

**नेठराना,(हनुमानगढ़),राजस्थान**: सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र (CHC) नेठराना में आज राजस्थान मेडिकेयर रिलीफ सोसायटी (RMRS) की एक महत्वपूर्ण बैठक आयोजित की गई। बैठक की अध्यक्षता भादरा विधायक **श्री.संजीव बेनीवाल** ने की, जिसमें **CHC प्रभारी डॉ. मोनिका पूनिया** और **नेठराना ग्राम पंचायत के सरपंच श्री राजेद्र प्रसाद** भी विशेष रूप से मौजूद रहे।

बैठक में ग्रामीण स्वास्थ्य सेवाओं के सुदृढ़ीकरण को लेकर कई अहम प्रस्ताव पारित किए गए। मास्टर संतलाल बुड़ानिया और मुखराम मीणा को औपचारिक रूप से **RMRS** के नए सदस्य के रूप में नामित किया गया।

### डॉक्टरों और स्टाफ की होगी तैनाती

विधायक **श्री.बेनीवाल** ने ग्रामीणों को भरोसा दिलाया कि नेठराना **CHC** में जल्द ही डॉक्टरों और नर्सिंग स्टाफ की नियुक्तियां की जाएंगी। उन्होंने कहा कि क्षेत्र की स्वास्थ्य सेवाओं को सुदृढ़ बनाने हेतु सरकार पूरी तरह प्रतिबद्ध है।

### CHC भवन निर्माण को लेकर आई बड़ी घोषणा

उन्होंने बताया कि **CHC** के नवीन भवन निर्माण का प्रस्ताव राज्य सरकार को भेजा जा चुका है, और जल्द ही इस प्रस्ताव को

स्वीकृति दिलवाकर भवन निर्माण की प्रक्रिया शुरू की जाएगी। भवन निर्माण से स्थानीय ग्रामीणों को बेहतर स्वास्थ्य सेवाएं मिल सकेंगी।

**ग्रामीणों का आभार**

बैठक में मौजूद समस्त ग्रामीणों, पंच-सरपंचों और अस्पताल स्टाफ ने सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र को प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र (**PHC**) से क्रमोन्नत कर **CHC** बनाए जाने पर विधायक संजीव बेनीवाल का धन्यवाद और आभार व्यक्त किया।

**RMRS बैठक मे उंठाए गए प्रमुख बिंदु :**

१. स्वास्थ्य केंद्र की मूलभूत आवश्यकताओं पर चर्चा

२. दवाइयों और उपकरणों की उपलब्धता

३. महिला एवं बाल स्वास्थ्य सेवाओं का विस्तार

४. ग्रामीणों की स्वास्थ्य सुविधाओं तक आसान पहुंच

५. चिकित्सा शिविरों के आयोजन की योजना

---

DISCLAIMER: the views/contents expressed/presented herein, within this advertorial and promotional feature are the sole and exclusive responsibility of individual clients/expert/their authorised representative/Publisher, to which effect, publication house/its representative/affiliates are not responsible/liable whatsover.